**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 12.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मॉरिशस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।

2. भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबिक्स टीम आज और कल मरीना पार्क में एयर–शो का आयोजन करेगा।

3. अंडमान निकोबार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के एक प्रतिनिधिमंडल ने द्वीप समूह के उपराज्यपाल से कल राज निवास में मुलाकात की।

4. ए सी कप क्रिकेट चॅम्पियनशिप सीज़न–दो के फाइनल मुकाबले में प्रशासन X 1 ने बाबू लाइन स्ट्राइकर टीम को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

<><><><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मॉरिशस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार और की ऑफ द इंडियन ओशन से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने कल शाम पोर्ट लुइ में भारतीय प्रवासियों के एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को सम्मान प्रदान करने की घोषणा की। ये श्री मोदी को मिलने वाला इस तरह का इक्कीसवां सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित होने पर मॉरिशस के लोगों और सरकार को धन्यवाद दिया।

<><><><><><><><><><>

अण्डमान निकोबार कमान के एयर कमोडोर कमल चड्डा ने भारतीय वायु सेना की प्रसिद्ध सूर्य किरण एरोबिक टीम के साथ कल राजनिवास में उपराज्यपाल से मुलाकात की। इस दौरान एरोबिक शो को लेकर विशेष चर्चा हुई। भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबिक्स टीम आज और कल मरीना पार्क में एयर शो का आयोजन करेगा। यह आयोजन दोपहर बाद साढ़े तीन बजे शुरू होगा, जिसमें पायलटों द्वारा आसमान में लूप्स, रोल्स और शानदार फॉरमेशन बनाए जाएंगे। इस अवसर पर उपराज्यपाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। दूरदर्शन केन्द्र श्री विजयपुरम द्वारा इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कल दूरदर्शन के यू–टयूब चैनल पर प्रसारित किया जाएगा।

इस बीच सूर्य किरण की एरोबिक्स टीम ने कल केन्द्रीय विद्यालय नम्बर– दो में स्कूली बच्चों और मीडिया कर्मियों से बातचीत की। इस अवसर पर स्कॉड्रन लीडर गौरव पटेल और स्कॉड्रन लीडर दिवाकर शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्कॉड्रन लीडर दिवाकर शर्मा ने कहा कि स्कैट का उद्देश्य देश की सैन्य ताकत दिखाकर युवाओं को प्रेरित करना है। उन्होंने द्वीपसमूह के लोगों को इस कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया।

<><><><><><><><><><>

अंडमान निकोबार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के एक प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष के चंद्रशेखरन के नेतृत्व में अन्य वरिष्ठ सदस्यों के साथ द्वीप समूह के उपराज्यपाल से कल राज निवास में मुलाकात की, जिसमें अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के

संचालन, लैंडिंग चार्ज माफी, रूट नेविगेशन, सुविधा शुल्क और टर्मिनल लैंडिंग शुल्क पर छूट प्रदान करके ऐसे प्रत्यक्ष कनेक्शनों को प्रोत्साहित और विस्तारित करने की आवश्यकता पर चर्चा की गई।

<><><><><><>

कैम्पबेल–बे के मिनी स्टेडियम में कल क्रिकेट टुर्नामेंट सीज़न–टू का फाइनल मुकाबला खेला गया। ए सी कप क्रिकेट चॅम्पियनशिप सीज़न–दो के रोमांचक फाइनल मुकाबले में प्रशासन X 1 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बाबू लाइन स्ट्राइकर टीम को सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। इस प्रतियोगिता में सोलह टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. केशव नरेन्द्र सिंह, कैम्पबेल–बे के सहायक आयुक्त बरनाबस मंजू, कैम्पबेल–बे प्रमुख ई एस राजेश और अन्य अधिकारी पर मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और खेलों को समाज में एकजुटता और युवा विकास का महत्वपूर्ण साधन बताया। बरनाबस मंजू और ने भी आयोजकों के प्रयासों की प्रशंसा की और इस तरह के आयोजनों को आगे भी बढ़ाने पर ज़ोर दिया। विजेता प्रशासन X 1 टीम को तीस हजार नकद पुरस्कार और चैम्पियनशिप ट्रॉफी से सम्मानित किया गया, जबकि उप–विजेता बाबूलाइन स्ट्राइकर को बीस हजार नकद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की गई।

<><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग प्रदर्शनी मैदान में एक से दस अप्रैल तक पुस्तक मेला – दो हजार पच्चीस के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस अवसर पर द्वीपसमूह के सांस्कृतिक संगठनों से विभिन्न श्रेणियों में कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए भागीदारी आमंत्रित की गई है। प्रत्येक समूह को कार्यक्रम से संबंधित विषयों पर तीस से पैतालिस मिनट की अवधि के लिए प्रदर्शन करना होगा। भाग लेने वाले कलाकारों की आयु चौदह वर्ष से अधिक और सांस्कृतिक समूह में अधिकतम दस प्रतिभागी होने चाहिए। इच्छुक कलाकार ई–मेल या विभाग के पते पर व्यक्तिगत रूप से सत्रह मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए सुजीत कुमार रॉय से फोन नम्बर– 9933241678 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

दक्षिण अण्डमान के उपायुक्त ने कल शहीद द्वीप का दौरा किया और स्थानीय प्रतिनिधियों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। चर्चा के दौरान कई समस्याओं पर विचार–विमर्श किया गया। इस दौरे के तहत उपायुक्त ने लक्ष्मणपुर गांव में ब्लैक–टॉप सड़क का उद्घाटन किया। करीब पांच सौ मीटर लम्बी इस सडक का निर्माण लगभग बासठ लाख रूपए की अनुमानित लागत से पूरा किया गया है। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के निवासियों की वर्षो से चली आ रही मांग पूरी हो गई है, जिससे अब लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य चम्पा दास, प्रधान पिंकी दास व शहीद द्वीप के वार्ड सदस्य मौजूद रहे।

<><><><><><>

अट्टम पहाड स्थित समाज कल्याण विभाग के बालिका निकेतन में आपदा प्रबंधन निदेशालय के सहयोग से बनावटी अभ्यास का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल में बालिका निकेतन के उन्नीस बच्चों, दस वरिष्ठ नागरिकों और सत्रह कर्मचारियों ने

भाग लिया। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन, पुलिस, अग्निशमन, एनडीआरएफ, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य के अधिकारियों ने मॉक ड्रिल की सभी गतिविधियों का अवलोकन किया।

**<><><><><><>**

**<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>**

सूर्य किरण एरोबिक टीम आज और कल श्री विजयपुरम के आसमान में जग–मगाएगी। **द्वीप समाचार** और **द डेली टेलीग्राम्स** की बड़ी खबर है। इस खबर के अलावा यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ाने के लिए चौपाहिया वाहनों में डैश कैमरे लगाने की सलाह देने के समाचार को **द्वीप समाचार** ने पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है। उपराज्यपाल ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के नायकों को चाथम स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की– **अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** की खबर है। दक्षिण अण्डमान ज़िला उपायुक्त ने इस शहीद द्वीप का दौरा कर पंचायती राज संस्थाओं से मुलाकात करने और स्थल निरीक्षण करने के समाचार को **इको ऑफ इंडिया** ने अपने भीतर के पन्ने में जगह दी है। राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान उत्तर प्रदेश ने केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान श्री विजयपुरम के सहयोग से कृषि विज्ञान केन्द्र सीपीघाट में मधुमक्खी पालन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को **इंफो इंडिया** ने प्रकाशित किया है।

**<><><><><><>**